हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 9 जुलाई 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 ग्राम ऊहर के शासकीय विद्यालय से कम्प्यूटर...



07 जब तक कांग्रेस नीचे से चलती रही तब तक लगातार...



## खबर संक्षेप

### हड़ताल में शामिल होंगे मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव्स

**विदिशा।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशंस ऑफ इंडिया एवं मध्यप्रदेश मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स यूनियन के संयुक्त तत्वावधान में केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी चारों श्रम संहिताओं, कॉरपोरेटपरस्त नीतियों, बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के खिलाफ 9 जुलाई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी। हड़ताल के तहत बुधवार सुबह 10:30 बजे सभी सदस्य बीजेपी कार्यालय के पास एकत्रित होंगे। जहां से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**विदिशा।** बैंक कर्मचारियों ने केंद्र सरकार की जन व श्रम विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। बैंक ऑफ महाराष्ट्र और बैंक ऑफ इंडिया की शाखा के सामने हुए इस प्रदर्शन में ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के आह्वान पर विभिन्न बैंकों के कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने निजीकरण, आउटसोर्सिंग, भर्ती में कमी, पुरानी पेंशन बहाली और सेवा शुल्क हटाने समेत 17 सूत्रीय मांगों को लेकर आवाज उठाई।

### ऑन जॉब ट्रेनिंग के लिए 12 चयनित

**विदिशा।** मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना अंतर्गत विदिशा जिले से 12 कैंडिडेट्स को ऑन जॉब ट्रेनिंग हेतु कंपनियों द्वारा चयन किया गया। जिले के चयनित युवाओं की उपलब्ध कराई गई सूची में देवेंद्र प्रजापति, ऋषिका राजोरिया, दीक्षा राजपूत, सुमित शाक्य, संस्कार दुबे, रचना कुशवाह, कौशिक सराठे, विनय सिलावट, आदित्य शर्मा, कार्तिक दुबे, पूजा कुशवाहा और शिवम मालवीय शामिल हैं।

### एसएटीआई में नौ दिवसीय इन-हाउस इंटर्नशिप आयोजित



**विदिशा।** एसएटीआई के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 7 से 15 जुलाई तक पीसीबी फैब्रिकेशन और क्वॉड कॉप्टर ड्रोन असेंबलिंग विषय पर आधारित 9 दिवसीय इन-हाउस इंटर्नशिप का शुभारंभ किया गया। यह 60 घंटे की इंटर्नशिप छात्रों को वास्तविक समय पर आधारित तकनीकी एवं प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। महाराजा जीवाजीराव एज्युकेशन सोसायटी के सचिव डॉ. लक्ष्मीकांत मरखेड़कर जी ने आयोजकों को बधाई देते हुए सभी अभ्यर्थियों को बधाई दी। इस दौरान डॉ. वायके जैन, विभागाध्यक्ष एवं कन्वीनर प्रो. चंद्रशेखर शर्मा, प्रोफेसर शिवेंद्र सिंह ठाकुर डॉ. शिल्पी तोमर एवं डॉ. सुधीर शर्मा उपस्थित रहे। संस्था के पूर्व छात्र इंजी. कपिल कुमार सोनी एवं ग्रुप इनोवेशन ने औद्योगिक अनुभव साझा किया।

# मास्टर ट्रेनर्स और खेल शिक्षकों को दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण, ताकि बचा सकें जान

## प्रतिभागियों को बारिश के दौरान जलमग्न क्षेत्रों, रपटों, पुल और पुलियों को पार न करने की शपथ दिलाई गई, एप भी डाउनलोड कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आपदा के दौरान या विपरीत स्थिति में अधिक से अधिक लोगों को सुरक्षित बचाया जा सके इसके लिए कलेक्टर ने एक नया प्रयोग किया है।

इसके लिए शिक्षा विभाग के मास्टर ट्रेनर्स और खेल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया। जिससे शिक्षकों को कई प्रकार के गुर सिखाए गए जिससे आपदा के समय वह खुद को सुरक्षित रखते हुए दूसरों की जान बचा सकें। आपदा प्रबंधन को लेकर जन-जागरूकता बढ़ाने मंगलवार को डाइट परिसर में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें एसडीईआरएफ के जवानों ने 60 शासकीय मास्टर ट्रेनर्स और खेल शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। टीम ने बताया कि बाढ़ आने से पहले किन बातों का ध्यान रखना चाहिए और किस तरह की तैयारी करनी चाहिए ताकि जान-माल का नुकसान कम से कम हो।




विदिशा। डाइट में आयोजित प्रशिक्षण में 60 मास्टर ट्रेनर हुए शामिल।

### प्रशिक्षण में कंबल या चादर से अस्थायी स्ट्रेचर बनाना सिखाया गया

प्रशिक्षण में आग लगने की घटनाओं में बचाव के उपाय, घरेलू उपकरणों और सीमित संसाधनों से बचाव राफ्ट बनाना, कंबल या चादर से अस्थायी स्ट्रेचर बनाना, घायलों को प्राथमिक उपचार देना, सांप काटने की स्थिति में त्वरित कदम उठाना और आवश्यक सावधानियां, ड्राई रेस्क्यू तकनीक और वज्रपात के दौरान बचाव के उपाय भी विस्तार से समझाए गए। एसडीईआरएफ टीम नेडेमोंस्ट्रेशन भी दिया ताकि शिक्षक इन तकनीकों को व्यावहारिक रूप से सीख सकें और आगे स्कूलों तथा अपने समुदाय में छात्रों और नागरिकों को भी जागरूक कर सकें। कार्यक्रम के दौरान "दामिनी" मोबाइल एप की जानकारी भी दी गई। यह ऐप आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी देने में मदद करता है। एसडीईआरएफ के जवानों ने उपस्थित सभी शिक्षकों के मोबाइल में यह एप डाउनलोड भी करवाया और उसके उपयोग की प्रक्रिया समझाई। सभी प्रतिभागियों को बारिश के दौरान जलमग्न क्षेत्रों, रपटों, पुल और पुलियों को पार न करने की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने आग्रह किया कि वे स्वयं भी इन बातों का पालन करें और अपने परिजनों व अन्य नागरिकों को भी प्रेरित करें। ताकि आपदा के समय जनहानि रोकी जा सके। इस प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिले में आपदा प्रबंधन के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## जनसुनवाई में एक ही स्थान पर मिल रहीं कई सुविधाएं, आवेदकों को मिली राहत

# अब जनसुनवाई में शिकायतों के निराकरण के साथ योजनाओं का भी मिल रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हर मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई अब केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि यह आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान का एक प्रभावी मंच बन गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के नेतृत्व में जनसुनवाई को न केवल अधिक सक्रिय और जनहितैषी बनाया गया है, बल्कि इसे योजनाओं के सीधा लाभ दिलाने वाला केंद्र भी बनाया गया है। जनसुनवाई स्थल पर आवेदकों को समस्याएं दर्ज कराने के साथ-साथ कई आवश्यक सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

इनमें आवेदन लिखने में सहायता, पावती प्रदान करने, कार्रवाई की स्थिति की जानकारी देना प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त ई-केवाईसी, आधार कार्ड निर्माण एवं त्रुटि सुधार, फार्मर आईडी निर्माण जैसी डिजिटल सुविधाएं भी मौके पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। जनसुनवाई में शामिल आवेदकों के स्वास्थ्य का भी ध्यान रखा जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में जांच कर मौके पर ही आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा रहे हैं, जिससे लाभार्थियों को तत्काल सुविधा मिल सके।



विदिशा। जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याएं सुनकर कार्रवाई करते हुए कलेक्टर अंशुल कुमार गुप्ता।

### जनुसनवाई में 96 समस्याएं मौके पर सुलझाई गईं

8 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई में कुल 155 आवेदकों ने व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक मुद्दों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इनमें से 96 आवेदनों का मौके पर ही समाधान किया गया, जबकि शेष आवेदनों के समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गुप्ता ने जनसुनवाई समाप्ति के बाद सभी विभागों से प्राप्त आवेदनों की प्रगति रिपोर्ट भी मौके पर जनसुनवाई कक्ष में प्राप्त की। इस दौरान ग्राम ठर्रका, तहसील गंजबासौदा में विद्युत ट्रांसफार्मर की अनुपलब्धता की शिकायत पर ऊर्जा विभाग को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।



### प्रमुख जनसमस्याओं पर लिया तुरंत एक्शन

ग्राम निसोबर्री की सरपंच ब्रहमाबाई कुर्मी ने रेशम केंद्र और शासकीय भूमि पर हो रहे अतिक्रमण की शिकायत की, जिस पर लटेरी एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ग्राम रेगना की ममता बाई चिढ़ार ने मुख्यमंत्री अनुग्रह सहायता राशि न मिलने की शिकायत की, जिसकी जांच में पता चला कि राशि पहले ही 16 जून को खाते में डाली जा चुकी है। इस पर उन्हें बैंक अधिकारी की सहायता से पूरी प्रक्रिया समझाई गई। वहीं ग्राम मेहलुआ में सचिव की फर्जी नियुक्ति को लेकर आए आवेदन पर जिला पंचायत सीईओ को नियमानुसार जांच कर कार्यवाही करने को कहा गया। एक अन्य मामले में, विदिशा किलेअंदर निवासी सूर्यप्रकाश सोनी ने अपने पिता स्व. किशनलाल के लापता होने और अब तक न लौटने की जानकारी दी। उनकी उम्र 88 वर्ष थी और वह कोरोना काल से लापता हैं। मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पर पुलिस अधीक्षक को जांच के निर्देश दिए गए हैं।

# शेष बचे पांचों मंडलों की कार्यकारिणी घोषित हुई



विदिशा। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मिठाई खिलाकर बधाई देते विधायक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मंगलवार को भाजपा के पांच मंडलों की कार्यकारिणी कि घोषणा की गई। एक दिन पहले सोमवार को सिर्फ दुर्गानगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी के अनुमोदन और विधायक मुकेश टंडन की सहमति से भाजपा के वैत्रवती मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री ने बताया कि कार्यकारिणी में पांच उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिनमें वीरेंद्र धाकड़, विजेंद्र सिंह सिंधु, गजेंद्र रघुवंशी, मोहन पटवा, रविंद्र रघुवंशी को शामिल किया गया है। वहीं महामंत्री विकास भट्ट को बनाया गया है। 5 मंत्री निवेदिता मुकेश परिहार, प्रीति राजीव यादव, अंशुल चौरसिया, मनोज अहरिवार, कृष्णा लाहोरी को बनाया गया है।

### चार मंडलों में यह बने उपाध्यक्ष

बैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह ने हरीबाई मोहन सिंह राजपूत, गिरीश यादव, मयंक कर्ण, रहमान राईन, सुमन रूपेश महावर, सौदान सिंह कुशवाह को उपाध्यक्ष बनाया गया। गुलाबगंज मंडल अध्यक्ष प्रतीक सिंह कंग ने बलवंत यादव, हल्के सिंह दांगी, राहुल दांगी, नरेंद्र रघुवंशी, राजेंद्र लोधी को उपाध्यक्ष बनाया है। ढोलखेड़ी मंडल में मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे ने जसंवत लोधी, विकास दुबे, गुलाब सिंह राजपूत, जितेंद्र दांगी, राजेश दांगी को उपाध्यक्ष बनाया है। अहमदुपर मंडल अध्यक्ष रामेश्वर किरार ने मनोज ठाकुर, बलवान सिंह ठाकुर, जसंवत सिंह राजपूत, महेंद्र रघुवंशी, त्रिलोक कुशवाह शामिल हैं। मंडल में दो महामंत्री और 5 मंत्री भी बनाए गए हैं।

### बाइक की टक्कर में युवक गंभीर घायल, विदिशा रेफर

**ग्यारसपुर।** ग्यारसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मानोरा के पास नेशनल हाईवे 146 पर सोमवार शाम दो मोटरसाइकिलों की टक्कर हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को ग्यारसपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय विदिशा के लिए रेफर कर दिया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों मोटरसाइकिल सवार विदिशा से ग्यारसपुर की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि घायल युवक तेज गति से वाहन चला रहा था और उसने पीछे से दूसरी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में वही युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही ग्यारसपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल में जुट गई है।

### राशन दुकानों से फोर्टिफाइड पोषणयुक्त चावल का वितरण

**विदिशा।** जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों से पात्र हितग्राहियों को फोर्टिफाइड चावल वितरित किया जा रहा है। इसमें आयरन, विटामिन बी-12 और फॉलिक एसिड जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व मिलाए गए हैं। उन्होंने बताया कि यह वितरण जनवरी 2023 से पूरे प्रदेश में जारी है। फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल जैसा ही दिखता है और इसे धोने या पकाने पर अगर कुछ दाने अलग दिखें भी तो उन्हें अलग न करें। यह प्लास्टिक चावल नहीं है, बल्कि पोषणयुक्त चावल है जो स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि प्लास्टिक चावल जैसी भ्रांतियों से न डरें और इस पोषक चावल का उपयोग करें। साथ ही, अन्य लोगों को भी इसके लाभ बताकर जागरूक करें ताकि सभी लोग बेहतर पोषण प्राप्त कर स्वस्थ रहें।

## मोटर चोरी मामले में बचे हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कोठीचार खुर्द गांव के विश्वनाथ सिंह राजपूत एवं अन्य ग्रामीणों ने थाना करारिया पुलिस पर चोरी के मामले में लापरवाही का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से उचित कार्रवाई की मांग की है।

7 जुलाई को करारिया थाने में राजू अहिरवार ग्राम महुआखेड़ा जिला रायसेन तथा ग्राम जमाल्दी निवासी एक व्यक्ति सहित सात लोगों के विरुद्ध पानी की मोटरों की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए राजू अहिरवार को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि जमाल्दी निवासी का मोबाइल व कार जब्त कर उसे छोड़े जाने का आरोप है। ग्रामीणों के अनुसार चोरी गई पांच मोटरों में से तीन मोटरें थाना करारिया में जब्त हैं जबकि दो मोटरें अब भी लापता हैं। पीड़ितों का कहना है कि राजू अहिरवार ने पूछताछ में पांच अन्य साथियों के नाम बताए थे, लेकिन पुलिस ने एफआईआर में उनके नाम नहीं जोड़े और अन्य व्यक्तियों के नाम लिख दिए। इसके अलावा रविकांत खंगार थाने के सामने खुलेआम घूम रहा है और उस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

ग्रामीणों ने अधिकारियों से मांग की है कि करारिया पुलिस द्वारा मामले में निष्पक्ष और वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा सभी आरोपियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएं ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके।

## गत 10 साल से सड़क और बिजली के खंभों के इंतजार में वार्डवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

टीलाखंडी वार्ड 39 में बलभद्र स्कूल के सामने नई बस्ती के रहवासी 10 साल से सड़क और बिजली के खंभों की मांग कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि जामुन के पेड़ से रघुवीर सिंह यादव के मकान तक की सड़क स्वीकृत हो चुकी है। ठेकेदार को वर्क ऑर्डर भी मिल चुका है। इसके बावजूद अब तक काम शुरू नहीं हुआ। रास्ता इतना खराब है कि पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वाहन निकालते समय लोग गिर रहे हैं। रहवासियों ने बताया कि भवन निर्माण के दौरान उनकी बिजली की केबल काट दी गई। इससे दो दिन तक घरों में बिजली बंद रही। बिजली विभाग ने एक ही पोल में सभी के कनेक्शन जोड़कर अस्थायी व्यवस्था की है। इससे कभी भी जान-माल का नुकसान हो सकता है। लोगों ने कलेक्टर से मांग की है कि गली में दो बिजली के खंभे लगवाए जाएं। साथ ही ठेकेदार को जल्द आरसीसी सड़क निर्माण का निर्देश दिया जाए। रहवासियों ने आवेदन के साथ फोटो भी संलग्न किए हैं। आवेदन में रानी भार्गव, देवेश, राशी, रामधारी सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं।

### बीएलओ को प्रशिक्षण

**विदिशा।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली को त्रुटि रहित बनाने के लिए बीएलओ की क्षमता विकास हेतु विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं के 1347 बीएलओ को प्रशिक्षित करने का कार्यक्रम जारी किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम सात जुलाई से शुरू हो गया है जो 11 जुलाई तक जारी रहेगा। विदिशा विधानसभा के 277 बीएलओ के लिए गर्ल्स कॉलेज में, इसी प्रकार बासौदा विधानसभा के 267 बीएलओ के लिए 9 से 11 जुलाई तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उत्कृष्ट बासौदा, कुरवाई विधानसभा के 296 बीएलओ के लिए 9 से 11 जुलाई तक सीएम राइज स्कूल कुरवाई, सिरोंज विधानसभा के 254 बीएलओ के लिए 7 से 9 जुलाई तक शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सिरोंज में और शमशाबाद विधानसभा के 253 बीएलओ के लिए 7 से 9 जुलाई तक सांदीपनी विद्यालय नटेरन में प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है।

## विदिशा से 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समारोह में भाग लिया

# 25 वर्ष पूर्ण करने वाले केंद्रों को महावीर इंटरनेशनल के गोल्डन जुबली सेलिब्रेशन में मंच से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल, जो सब की सेवा, सबको प्यार जियो और जीने दो के सिद्धांत पर पीड़ित मानवता की सेवा करती है ने अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती समारोह आयोजित किया। जयपुर में दो दिवसीय सेल्यूट नामक इस भव्य आयोजन में देशभर के कई सेवा केंद्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उन केंद्रों को विशेष सम्मान दिया गया जिन्होंने अपनी स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं और जो स्थायी सेवा प्रोजेक्ट्स संचालित कर रहे हैं। विदिशा केंद्र को भी इस अवसर पर सम्मानित किया गया।

विदिशा से 9 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने समारोह में भाग लिया। इस प्रतिनिधिमंडल में गवर्निंग काउंसिल सदस्य वीर डॉ. शांतिलाल पीतलिया, जोन चेयरपर्सन वीर जी.एस. चौहान, वीर सी.एल. गोयल, वीर विक्रम जैन, वीर सत्येंद्र लश्करी, वीरा शशि जैन, वीरा सुषमा जैन, वीरा संतोष गोयल और वीरा प्रेमलता चौहान शामिल थे। विदिशा केंद्र के जोन चेयरपर्सन वीर जी.एस. चौहान आयोजन की ऑर्गेनाइजिंग कमेटी में भी शामिल थे। वे ग्वालियर, बैतूल, विदिशा और भोपाल केंद्रों के जोन चेयरपर्सन भी हैं। कार्यक्रम में वीर जी.एस. चौहान को गोल्डन जुबली मोमेंटो और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। विदिशा केंद्र के सदस्यों को सेवा एवं स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रमों के सफल आयोजन हेतु सैल्यू किट प्रदान कर सम्मानित किया गया।




विदिशा।

# ओलंपस स्कूल ने मनाया 12वां स्थापना दिवस विद्यार्थियों को सम्मानितकर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सागर रोड स्थित ओलम्पस हाई स्कूल ने अपने 12वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता मुख्य अतिथि, एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे विशिष्ट अतिथि और एसएटीआई डायरेक्टर डॉ. वाईके जैन विशेष अतिथि रहे।

कलेक्टर गुप्ता ने स्कूल के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों को अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा दी। प्रशांत चौबे ने शिक्षा के सही मायने समझाए, वहीं डॉ. जैन ने संस्थान को प्रगति के पथ पर बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया। समारोह में 10वीं और 12वीं कक्षा के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। प्रख्यात कलाकार शरद शबल की वर्कशॉप से प्रेरित बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किया, जिसे खूब सराहा गया।

पिछले दिनों रक्तदान करने वाले लोगों को भी मंच से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में लायंस क्लब आनंदपुर सदगुरु के पदाधिकारियों और स्कूल परिवार द्वारा पौधरोपण किया गया। संचालक मोहित रघुवंशी ने स्कूल की उपलब्धियां साझा कीं। समारोह में कई गणमान्य नागरिक, अभिभावक और अतिथि उपस्थित रहे।



## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव- 3330
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव- 2640
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव -2400
उच्चतम भाव-2430
चना
न्यूनतम भाव-4600
उच्चतम भाव-5567
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-1700
उच्चतम भाव-3460
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-3090
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6345
सरसों
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6911
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2080
उच्चतम भाव-4308
मूंग
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-7360
उड़द
न्यूनतम भाव-2500
उच्चतम भाव-5810
धनिया
न्यूनतम भाव-5901
उच्चतम भाव-6380
मैथीदाना
न्यूनतम भाव-3100
उच्चतम भाव-4301
ज्वार
न्यूनतम भाव-1900
उच्चतम भाव-1900
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3910
अलसी
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-6500

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में मंगलवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 5889 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## ग्रीन वैली कॉलोनी में चोरों ने दिया चोरी की घटना को अंजाम, सीसीटीवी में हुए कैद

# ग्राम ऊहर के शासकीय विद्यालय से कम्प्यूटर, इन्वर्टर, एलसीडी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







ग्राम ऊहर के शासकीय विद्यालय में अज्ञात चोरों द्वारा लाखों रुपए की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पडताल की। साथ ही विदिशा से एफएसएल टीम एवं डॉग स्क्वॉड ने भी घटना स्थल का मुआयना किया। उधर नगर के ग्रीन वैली क्षेत्र में भी अज्ञात चोरों ने एक सूने आवास को निशाना बनाया और वहां से लाखों रूपए का सामान चुरा ले गए। पुलिस ने इस मामले में भी प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ऊहर के शासकीय स्कूल में चार लाख रूपए से अधिक की चोरी हो गई है। चोरों ने स्कूल में रखे इनवर्टर, कंप्यूटर, एलसीडी एवं अन्य सामान चोरी कर लिए। चोरी की सूचना मिलने पर अम्बानगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की। वहीं विदिशा से आए एफएसएल दल ने जांच कर फिंगरप्रिंट एवं अन्य चीजों के नमूने लिए। शासकीय स्कूल में सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे होने से आरोपियों का सुराग नहीं लग सका, लेकिन पुलिस अन्य साक्ष्यों एवं सुरागों के आधार पर जांच में जुटी हुई है। वही ग्रीन वैली कॉलोनी में अंकित जैन के मकान में रात्रि के समय अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। अंकित जैन परिवारजनों के साथ ससुराल गए थे। पुलिस के अनुसार इस दौरान चोरों ने सोने, चांदी के आभूषण एवं घरेलू सामान सहित लगभग 80 हजार रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान दो चोर सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में देहात थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों चोरी के मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

## तीन सहरिया बच्चों को भरण पोषण और शिक्षा के लिए छात्रावास पहुंचाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रति मंगलवार हो रही जनसुनवाई के प्रति आवेदकों का विश्वास दिनों दिन बढ़ रहा है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता जनसुनवाई में उपस्थित रहकर स्वयं आवेदकों की समस्या सुनते हैं। कलेक्टर की सार्थक पहल पर जनपद पंचायत बासौदा के ग्राम सिरावदा निवासी सहरिया समुदाय के तीन बच्चों को भरण पोषण और शिक्षा के प्रबंध सुनिश्चित कराए गए हैं। तीनों बच्चों अनुराग सहरिया, ज्वाला सिंह सहरिया और बच्ची रजनी सहरिया को बासौदा के विभागीय छात्रावास में पहुंचाने के प्रबंध के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए। सिरावदा निवासी अनुराग सहरिया, ज्वाला सिंह सहरिया और रजनी सहरिया अपने दादाजी रणधीर सिंह सहरिया के साथ जनसुनवाई में पहुंचे थे। दादा रणधीर सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों के माता-पिता नहीं है, बच्चों के पालन पोषण की जिम्मेदारी उन पर ही है। लेकिन इस उम्र में वह यह सब कर पाने में सक्षम नहीं हैं। बच्चों के भरण, पोषण और शिक्षा से संबंधित आवेदन लेकर वह कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत हुए थे। कलेक्टर ने आवेदन की गंभीरता को देखते हुए मौके पर ही तीनों बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने और भरण पोषण के लिए विभागीय छात्रावास में पहुंचाने की व्यवस्था कराई है। अब यह तीनों बच्चे छात्रावास में रहकर अच्छी शिक्षा तो प्राप्त करेंगे ही साथ ही साथ उनका भरण पोषण भी छात्रावास में हो सकेगा। जनसुनवाई में इस समस्या के मौके पर हुए निराकरण के प्रति अन्य आवेदक भी संतुष्ट नजर आए।

## दिन भर चलता रहा बारिश का दौर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को तीसरे दिन सुबह से लेकर शाम तक रुक रुक कर नगर सहित ग्रामीण अंचलों में बारिश का दौर चलता रहा। जिससे मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह से रुक रुक कर बारिश का दौर चलने से गर्मी से लोगों को निजात मिल गई है।

## केन्द्रीय कृषि मंत्री के सामने रखी शहीद स्मारक, किसानों की मांगें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गत दिवस केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नगरागमन पर विभिन्न संगठनों द्वारा अपनी मांगें रखी गईं। भारतीय किसान संघ द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं के निराकरण के संबंध में मांगे रखी गई। जिसमें बेतवा मेजर प्रेशराइज्ड इरीगेशन प्रोजेक्ट में शेष रहे, ग्राम देरखी, सोठिया, गढावला, आटासेमर सींगाखेडी, बामौरी, रतनखेडी, करौंदा बरखेडा, फरीदपुर गजनई, पडरई, बसरिया, डफरयाई, कालापाठा, विनायकखेड़ी आदि को जोड़ा जाय, अमानक एवं नकली खाद, बीज व कीटनाशक दवाइयां के बढ़ते कारोबार के कारण किसानों को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है सख्त कानून न होने के कारण बड़े स्तर पर नकली कृषि आदान का व्यापार हो रहा है। जिला स्तर पर लैब न होने के कारण जाँच में भ्रष्टाचार होता है।

वर्तमान में सोयाबीन के नकली बीज के कारण हजारों बीघा रकबा में सोयाबीन का अंकुरण नहीं हुआ नकली का व्यापार करने वालों पर रासुका के तहत कार्रवाई की जाए एवं सोसायटियों पर प्राथमिकता से खाद उपलब्ध कराया जाए जिससे व्यापारियों द्वारा की जाने वाली कालाबाजारी को रोका जाए। भूमि बंदोबस्त कार्य लगभग 75 वर्ष पहले हुआ था तब से अभी तक बंदोबस्त कार्य विदिशा जिले में नहीं हुआ, तहसील में 1975 में बंदोबस्त हुआ था जिसमें लगभग आधे गांव में बंदोबस्त नहीं हुआ। वर्तमान में जिले के कई गांव नक्शा विहीन है, जिसके कारण सीमांकन में विवाद की स्थिति निर्मित होती है पुनः बंदोबस्त कराया जाए सहित अन्य मांगे शामिल हैं। वहीं इंडियन वेटेरन्स ओर्गनाईजेशन मध्यप्रदेश द्वारा एक मांग पत्र सौंपा गया। जिसमें कहा गया है कि नगर के पुराने बस स्टैंड परिसर को शहीद स्मारक के रूप में विकसित करने की मांग करते हुए कहा कि पुराने बस स्टैंड पर शासकीय भूमि रिक्त पड़ी है। जबकि नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों के द्वारा देश के अमर शहीदों एवं महापुरुषों की पुण्यतिथि पर सार्वजनिक स्थल के अभाव में यह स्थान जयस्तंभ चौराहा उपयोग में लाया जाता है, जो नगर का सबसे व्यस्ततम चौराहा है। जिस कारण वहां भीड़भाड़ की स्थिति निर्मित हो जाती है और नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। विशेषकर छात्र, छात्राएं एवं आपातकालीन सेवा जैसे एम्बुलेंस व फायर ब्रिगेड यहां घंटो ट्रैफिक में फंसी रहती है। उपरोक्त तहसील कार्यालय से सटे पुराने बस स्टैंड परिसर को अमर शहीदों की याद में शहीद स्मारक निर्माण किया जाए और उक्त स्थान को इस तरह के कार्यक्रम। योजनाओं के लिये निश्चित किया जा सकता है ताकि जय स्तंभ चौक पर जाम की किसी भी प्रकार आशंका न हो। पुराने बस स्टेण्ड को शीघ्र शहीद स्मारक के रूप में विकसित करने की मांग की गई।

### मच्छरों से लोग परेशान

गंजबासौदा। इन दिनों लोग मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। सर्वाधिक परेशानी पाराशरी नदी किनारे के रहवासियों एवं निचली बस्ती के लोगों को उठाना पड़ रही है। नागरिकों ने बताया कि शाम होते ही मच्छरों प्रकोप के चलते घरों की खिड़कियां, मुख्य द्वार बंद करने को मजबूर होना पड़ता है।

## जगतगुरु के नगर आगमन पर मानस भवन में होगा नागरिक अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में वेदांत संस्कृत विद्यालय और आश्रम के संस्थापक डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती के महाकुंभ में जगतगुरु की उपाधि मिलने के उपरांत 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। उनकी अगवानी के लिए सामाजिक संगठन, प्रबुद्ध वर्ग, धार्मिक संगठनों की बैठक मंगलवार को दादजी प्लाजा में संपन्न हुई। बैठक में तय किया गया कि जगतगुरु डॉ. वेदांती की शोभा यात्रा के बाद मानस भवन में क्षेत्रवासियों, सनातन प्रेमियों, विभिन्न व्यापारिक और सामाजिक संगठनों की ओर से उनका नागरिक अभिनंदन किया जाएगा।

ज्ञात हो कि हाल ही में प्रयागराज में संपन्न हुए महाकुंभ में देश भर के धर्माचार्यों, संतों और शंकराचार्यों ने अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक और नगर के संत डॉ राम कमलदास वेदांती जी को देश विदेश में सनातन धर्म के प्रचार प्रसार में अद्वितीय योगदान के लिए जगतगुरु की उपाधि से विभूषित किया गया है। जगद्गुरु की उपाधि मिलने के बाद डॉ. वेदांती महाराज का 12 जुलाई को प्रथम नगर आगमन हो रहा है। जगद्गुरु के रूप में उनकी भव्य अगवानी के लिए मंगलवार को एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित नागरिकों ने कहा कि हमारे लिए यह सौभाग्य है कि नगर के संत को जगतगुरु की उपाधि से सम्मानित किया गया है। डॉ वेदांती के अभिनंदन समारोह को भव्य और दिव्य बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। बैठक में तय हुआ कि जहां से जगतगुरु की शोभायात्रा निकलेगी वहां स्वागत द्वार, भगवा ध्वज लगाए जाएं और रंगोली सजाई जाए। विभिन्न संगठनों और नागरिकों ने अपनी ओर से स्वागत द्वार लगाने की स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर बैठक में वेदांत आश्रम के महंत हरिहरदास महाराज, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष नीतू देवेंद्र सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच, बजरंग दल, व्यापारिक संगठन, पत्रकारगण सहित अन्य धार्मिक संगठनों और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### नपा ने 13 व्यापारियों पर 7 हजार का जुर्माना लगाया

गंजबासौदा। नगर में लगातार पॉलिथीन से बढ़ रहे प्रदूषण को देखते हुए नगर पालिका द्वारा मुहिम शुरू की गई है। नपा में सेवानिवृत्ति स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा फिर से मोर्चा संभालने के बाद कार्रवाई में गति आई है। मंगलवार को 13 व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 7 हजार का जुर्माना किया गया है। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नवीन बस स्टैंड के पास स्थित शराब दुकान पर पॉलिथीन पाई जाने पर 1500 का जुर्माना किया गया है। इसके अलावा 10 किलो पॉलिथीन जब्त भी की गई है। छोटे दुकानदारों को हिदायत दी गई है कि वह पॉलिथीन का उपयोग न करें। इस पर प्रतिबंध है यदि उपयोग करते पाए जाएंगे तो जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। नपा द्वारा अचानक की गई कार्रवाई से दुकानदारों में भय व्याप्त है।

### लाखों रुपए की लागत से हुए घटिया निर्माण कार्य

गंजबासौदा। ग्राम उदयपुर में राज्य विकास पर्यटन विभाग द्वारा लाखों रुपए की लागत से ग्राम उदयपुर में सौंदर्यकरण कार्य कराए गए हैं। इन्ही कार्यों में उदयपुर चौराहे स्वागत गेट की जगह पर चार मीनार बनाकर खड़ा कर दिया गया है। घटिया सामग्री का उपयोग होने से पत्थर लटक रहा है, किसी दिन पत्थर गिरने से किसी व्यक्ति के चपेट में आने से गंभीर हादसा घटित हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि संबंधित ठेकेदार द्वारा जबसे निर्माण कार्य शुरु किए तब से रहवासियों द्वारा निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री का उपयोग किए जाने पर अपना विरोध प्रकट किया था, लेकिन इसके बावजूद भी ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से निर्माण कार्य किए गए।



## शिक्षक संगठन ने एसडीएम विजय राय को दिया ज्ञापन

# जाति प्रमाण पत्र सरलीकरण के लिए दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों से जाति प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आदेशित किया गया है। इसमें प्रारंभिक दिक्कत जाति प्रमाण पत्र आवेदन उपलब्ध करवाने की आ रही हैं। विद्यालयों के पास इतनी राशि नहीं है कि वह सभी बच्चों के लिए बाजार से आवेदन क्रय कर सकें। इसी बात को लेकर शासकीय शिक्षक संगठन ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने दस्तावेजों के सरलीकरण करने हेतु एसडीएम विजय राय को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कहा गया है कि बाजार में उपलब्ध आवेदन में जटिलता है जिसमे अत्यधिक दस्तावेज संलग्न करना पड़ेंगे जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के या पालकों के पास दस्तावेजों का अभाव है। विद्यालयों के लिए एक सरलीकृत आवेदन पत्र निकलवाया जावे जिसे शिक्षा विभाग या राजस्व विभाग द्वारा ही विद्यालयों के लिए उपलब्ध करवाया जावे। पूर्व में मई 2023 में विशेष अभियान चलाकर छुट्टियों में जाति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन मांगे गये थे, लेकिन आज दिनांक तक न तो जाति प्रमाण बने ना ही शिक्षकों को ईएल मिली। मई 2023 में जमा जाति प्रमाणपत्र, एवं बर्तमान में जाति प्रमाण पत्र उपलव्ध करबाए जावे साथ ही मई 2023 की छुट्टियो की ई एल शिक्षको को दिलवाई जावे। इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय ने शिक्षक नेताओं को जाति प्रमाण पत्र के सरलीकरण करने एवं कम से कम दस्तावेज संलग्न करने केवल चार पेज का आवेदन करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष पृथ्वीसिह रघुवंशी, वरिष्ठ कर्मचारी नेता सैयद शफाकत हुसैन कादरी, विनोद श्रीवास्तव, रामराज दागी, संजीव कुमार रघुवंशी,भमर सिंह रघुवंशी, शिवनारायण सक्सैना, अरुण पाडेय, जितेन्द्र नामदेव, अमर सिंह राजपूत, विजय नामदेव , संजय अहिरवार, पूरन सिंह दांगी, राजकुमार आदि मौजूद थे।

### बिजली प्रदाय रहा बंद

गंजबासौदा। मंगलवार को नगर के पचमा बायपास क्षेत्र में दोपहर बाद विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बगैर सूचना के बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया। जिसके बाद कई घण्टों तक बिजली प्रदाय बंद रहने से यहां के रहवासियों को अंधेरे में परेशानियों का सामना करना पड़ा। शाम 6 बजे के लगभग बिजली प्रदाय शुरु हो सका। वार्डवासियों ने बताया कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आए दिन बगैर सूचना के बिजली कटौती की जाती है। वहीं नगर में थोड़ी हवा एवं बारिश के चलते विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जबकि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा साल भर मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कटौती की जाती है।

## जन्मदिवस और पुण्यतिथि मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चंद्रशेखर की पुण्यतिथि एवं प्रसिद्ध क्रिकेटर सौरव गांगुली का जन्मदिवस मनाया गया। वहीं विश्व क्षमा दिवस एवं विश्व चॉकलेट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बताया कि स्वर्गीय चंद्रशेखर देश के आठवें प्रधानमंत्री थे, वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर एवं क्रिकेटर सौरव गांगुली के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें अदभुत क्षमता का धनी बताया, उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से जानकारी दी। वही लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा एवं डॉ. अशोक रोहले द्वारा भी कई उदाहरण द्वारा उनके जीवन के बारे में बताया गया। कार्यक्रम को नंदकिशोर सोनी, मोहन सैनी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर छोटेलाल नामदेव, हर्षद माथुर, शरद जैन, बबलू राय उपस्थित थे। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### मनोज दुबे देहात थाना प्रभारी

गंजबासौदा। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के आदेश पर देहात थाने में पदस्थ आशुतोष सिंह राजपूत का स्थानांतरण विदिशा किया गया है। जबकि उनकी जगह देहात थाना प्रभारी के रूप में मनोज दुबे को भेजा गया है।

प्रथम पुण्यस्मरण



स्वर्गीय श्रीमती राजकुमारी तोमर
आज आपसे बिछड़ने को एक वर्ष पूर्ण हो गया है, परंतु आपकी स्मृतियाँ, आपका स्नेह, आपके संस्कार और आपके द्वारा दिए गए जीवन मूल्यों आज भी हमारे जीवन में बसी हुई है।
आपका मार्गदर्शन हमारे जीवन का प्रकाशपुंज था और रहेगा।
आपके बिना यह जीवन अधूरा है, पर आपकी यादें हर क्षण हमारे साथ हैं।
आपकी प्रथम पुण्यस्मरण पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।
भीम सिंह तोमर (पति) रिटायर्ड हेड मास्टर एवं समस्त तोमर परिवार विजय टाकीज मिर्जापुर गंजबासौदा

# सिरोंज दौरे के दौरान हरिभूमि संवाददाता जैन से पूर्व सांसद की विशेष चर्चा

# जब तक कांग्रेस नीचे से चलती रही तब तक लगातार जीतती रही: लक्ष्मण सिंह

## कार्यकर्ताओं से लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हम सब नए सिरे से कांग्रेस को पुन: करेंगे खड़ा


हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज क्षेत्र के पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह का सिरोंज दौरा हुआ। इस दौरान सिरोंज रेस्ट हाउस में हरिभूमि से सवांददाता राजीव जैन सैनानी से पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह की विशेष चर्चा हुई। कांग्रेस से निष्कासित के बाद पूर्व सांसद लक्ष्मण सिंह क्षेत्र के दौरे पर निकले तो उनके सर्मथको द्वारा प्रत्येक गांव व कस्बो में जोरदार स्वागत किया गया।

तो वही जगह जगह रूक कर लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ता व उनके सर्मथको की नवज टटोली और कार्यकर्ता ने भी उन्हे अनेको सुझाव दिए। तब उन्होने कार्यकर्ताओ से कहा कि कांग्रेस किसी के बाप की बपौती नही है। नए सिरे से हम सब कांग्रेस को पुनः खडा करेगें। वही उन्होने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता और जनहित की समस्याओं के लिए में आगे रहकर लडाई लडूंगा। इस मौके पर एडवोकेट लेखराज सिंह बघेल, वरिष्ठ पत्रकार सतीश श्रीवास्तव, मनीष रघुवंशी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक त्यागी, पूर्व मंडी अध्यक्ष इरफान गौरी, गजराज सिंह आदि मौजूद रहें।

### किसी भी पार्टी में ऐसा कोई प्लेटफार्म नहीं जहां खुलकर बोला जा सके

हरिभूमि से चर्चा के दौरान लक्ष्मण सिंह ने कहा कि 1960 में जब पं जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री थें। तब उन्होने 15वी लो कमीशन का गठन किया था। जिसमें यह कहा गया था कि जो भी राजनैतिक दल होगें। उनमें इंटरनलडेमोकृषि होगी। आज तक देखा जा रहा है कि राजनैतिक पार्टियो में इंटरनल डेमोकृषि लगभग समाप्त सी हो गई है। कोई भी दल हो और में इसी बात को लेकर में बार बार पार्टी के अंदर कहता रहता था। क्योकि पार्टी में कांग्रेस अकेली नही ओर भी पार्टिया है। भाजपा में भी कोई ऐसा प्लेटफार्म नही है जहा आप खुलकर बोल सकते है। तो कांग्रेस में भी इस तरह का कोई प्लेटफार्म नही दिखा तो मुझे बोलना पडा और में बोलता रहता था। लेकिन जब पहलगाम की जो घटना हुई तो मुझे बहुत दुख हुआ अश्चर्य भी हुआ।





जब राधौगढ में ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित पहलगाम घटना पर श्रद्धांजलि सभा में हम शोक व्यक्त करने एकत्रित हुए थें। जब में वहा बोला वह मैने कैमरे में बोला उसके बाद पार्टी ने मुझे नोटिस दिया और मैने उस नोटिस का जवाब दिया और मुझे बडा आश्चर्य हुआ कि जब पार्टी ने मुझे यह कहा कि में अगर एक लाइन लिख दू कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेगें तो सब मामला खत्म हो जाएगा तो मैने मना कर दिया। क्योकि में कोई ज्योतिषी नही हुं और मैने यह नही लिखा तो उन्होने मुझे निष्कासित कर दिया।


### राहुल गांधी को जहां पहुंचना था वह वहां तक पहुंच गए

जब लक्ष्मण सिंह से पूछा गया कि पूरी कांग्रेस यह लिखती है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेगे। जिस पर उन्होने जवाब देते हुए कहा कि बिल्कुल नही बनेगें। उनको जहा पहुचना था वह पहुच गए इससे आगे वह नही बडेगे। इसके कई कारण है दोहरी नागरिकता क्यो ले रखी है। दोहरी नागरिकता वह व्यक्ति लेता है या दुनिया का कोई भी देश इसलिए देता है कि आपका या परिवार वहा हो या फिर आपका व्यापार वहा हो। इनके परिवार का कौन सा सदस्य वहा पर है यह बताए या कौन सा व्यापार वहा है यह बताए। तो दोहरी नागरिकता किस लिए ले रखी है आज जो नेताप्रतिपक्ष है उनको बताना चाहिए और इसका एक लीगल मेटर यह वह चल रहा है और कभी न कभी कोर्ट का फैलसा भी होगा और उनको फेस करना पडेगा। तो भूल जाइए कि वह प्रधानमंत्री बनेगें। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन सिंदूर था वह देश की सेना का शौर्य पराक्रम का प्रदर्शन था और एक जबाव था। उस पर सवाल करना हंसी उडाना मजाक करना यह गंभीरता जब नही है तो आप फिर कैसे राजनीति करेंगे।

### कांग्रेस में ऊपर से किए आदेशों से बढ़ा असंतोष

जब लक्ष्मण सिंह से सवाल किया गया कि कांग्रेस से निष्कासित के बाद आपके द्वारा ऐसी कोई घोषणा की थी कि आपके द्वारा अलग एक नई पार्टी बनाई जाएगी। जिस पर जबाव देते हुए लक्ष्मण सिंह ने कहा कि मै नही बनाउंगा। कांग्रेस पार्टी में कई सालो से यह विचारधारा चल रही है और आज भी लोग संतुष्ट इसलिए नही है क्योकि आपने समथन नीचे से खडा नही किया। जो समथन था उसको खत्म और कर दिया कोई भी पार्टी हो वह नीचे से चलती है उपर से नही चलती है। जब तक पार्टी नीचे से चलती रहेगी और नीचे से जो हमारे साथी कहते थें। उनके अनुकूल होता रहा कांग्रेस जीतती आई। यह जब राहुल गांधी जब अध्यक्ष बने निर्णय उपर से होने लगें ऐसे निर्णय होने लगे जिससे पार्टी में असंतोष हुआ जनता में असंतोष हुआ। यह कारण रहा और पार्टी का जनाधार खतरे में है। जो मुध्धे उठाने थे उन्हे नही उठाया गया और जो मुद्दे नहीं उठाने चाहिए थे वह उठाए गए।

## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार सिरोंज तहसील कमेटी हुई घोषित

**सिरोंज।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद के निर्देश पर तहसील अध्यक्ष इरफान कुरैशी उर्फ बाबू ठेकेदार द्वारा तहसील कमेटी की घोषणा की गई। जिसमें वाजिद खान मेकेनिक को उपाध्यक्ष, नफीस कुरेशी उपाध्यक्ष, जाकिर खान को महासचिव, हामिद खान को सचिव, मुदीर अहमद को सचिव, मोहम्मद खालिद कुरैशी को सह सचिव, आशु खान को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया। इस अवसर पर ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला उपाध्यक्ष वसीम अख्तर,जिला महासचिव वाजिद कुरैशी,नगर अध्यक्ष वाहिद गौरी,पत्रकार सईद खान,मोहम्मद फाजिल नट छाप बीड़ी,मोहम्मद अनवार खान,कवि गौरी,डॉक्टर सोहेल अहमद,मोहम्मद सादिक अंसारी,हसीन खान,बब्लू खान, मोहम्मद इस्माइल खान, फारुक़ खान, मोहम्मद हसीन कुरैशी, कामरान ठेकेदार, मोहम्मद शाहज़ेब कुरैशी, अफराज कुरैशी, मोहम्मद शोएब कुरैशी, मोहम्मद साइम अंसारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे।

### आरके सेन प्रभारी प्राचार्य बने

**सागर।** स्थानीय सीआर मॉडल बहु उच्चतर माध्यमिक शाला नरयावली नाका वार्ड सागर के पूर्व एनसीसी अधिकारी आर के सेन प्रभारी प्राचार्य बने। इस उपलब्धि पर उनके मित्रों और शुभचिंतको ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में पूर्व प्राचार्य एस के रोहण, एन पी चतुर्वेदी, डॉ अरुण कुमार सोनी, यू के नागार्च, योगेश घोषी, एन पी सकवार, अमित , अनीता शुक्ला, रेखा चौरसिया, कु शैली शुक्ला, शिवानी सेन, सौरभ सेन, चिंतामन पटेल, विजय रंजन श्रीवास्तव

### आज दुर्गानगर मंडल की बैठक होगी

**विदिशा।** भारतीय जनता पार्टी दुर्गा नगर मंडल की प्रथम कार्यसमिति बैठक आज बुधवार शाम 4 बजे भाजपा जिला कार्यालय में होगी। इसमें विधायक मुकेश टंडन शामिल होंगे। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौहान ने पदाधिकारियों, कार्यसमिति सदस्यों और बूथ अध्यक्षों से उपस्थिति की अपील की है।

### कलेक्टर लेंगे राजस्व अधिकारियों की बैठक

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल गुरुवार को सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में होगी। डिप्टी कलेक्टर संतोष बिटौलिया ने बताया कि बैठक के प्रथम भाग में राजस्व वसूली, राहत कार्य, अतिक्रमण प्रकरणों, अवैध कॉलोनियों से वसूली सहित विभिन्न मदों की प्रगति की समीक्षा होगी। द्वितीय भाग में राजस्व न्यायालयीन प्रकरणों, नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, साइबर तहसील के नामांतरण और पटवारी रिपोर्ट के निराकरण की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए शिविर ग्यारसपुर में आज

**विदिशा।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में एसआईएस द्वारा बेरोजगार युवाओं को सिक्योरिटी गार्ड का प्रशिक्षण के बाद नियोजन के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जारी कार्यक्रम के अनुसार जुलाई माह की नियत तिथियों में सुबह 11 बजे से सायं तीन बजे तक शिविर आयोजन की विकासखण्डवार जारी कार्यक्रम अनुसार ग्यारसपुर विकासखण्ड में नौ जुलाई को, नटेरन में दस को, लटेरी में 11 को, कुरवाई में 14 को, सिरोंज में 15 को, बासौदा में 16 को और विदिशा विकासखण्ड में 17 जुलाई को उपरोक्त शिविरो का आयोजन किया गया है। ततसंबंध में विस्तृत जानकारी के लिए बेबसाइट www.ssciindia.com पर प्राप्त की जा सकती है।

## तहसील परिसर में किया प्रदर्शन

# ग्राम पंचायत बरेंडा के किसानों ने अपनी जमीन को बचाने के लिए सरकार से गुहार लगाई



### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष को सुनाया अपना दर्द

**सिरोंज।** किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत बरेंडा के दर्जनो किसानो ने तहसील कार्यालय पहुचकर आधे घण्टे तक प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने कहा कि ग्राम बरेंडा में यह अहिरवार समाज के लोग तकरीबन 45 साल से शासकीय जमीन पर खेती कर रहे हैं इस जमीन पर इनको पूर्व में कुटीर शौचालय,शासकीय ट्रांसफार्मर एवं खेती के लिए भी अलग ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। तकरीबन 40 परिवार अपना गुजर बसर इस जमीन पर खेती करके पिछले 45 वर्ष से कर रहे हैं। विगत दिनों प्रशासन ने एक नोटिस उनके गांव पर चशपा करके इनको सूचना दी कि यह जमीन वन विभाग को हस्तांतरित की जा रही है क्योंकि टैम सिंचाई परियोजना में गई हुई भूमि के बदले में यह जमीन वन विभाग को देना उक्त भूमि पर खेती करके अपना जीवन यापन कर रहे। गरीब मजदूर परिवारों के लिए यह समय बेहद ही कष्टकारी है क्योंकि उनके पास अपने जीवन यापन के लिए कोई अन्य साधन मौजूद नहीं है। सभी पीड़ित परिवारों के साथ किसान नेता ने प्रशासन से मांग कि तत्काल इस बेदखली की कार्रवाई पर रोक लगाई जाए और इन व्यक्तियों को उक्त जमीन पर पट्टे प्रदान किए जाए। शासकीय रिकॉर्ड में भी खसरों पर उनके नाम 1985,1986 से पहले से खसरे पर अंकित है। इस दौरान सिरोंज जिला बनाओ समिति वरिष्ठ एडवोकेट कपिल त्यागी द्वारा भी एक ज्ञापन किसानों के समर्थन में एसडीएम हर्षल चौधरी को सौपा गया।

### पीड़ितों को न्याय दिलाने का दिया आश्वासन



बरेंडा गांव के पीड़तिों ने कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी से मिलकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। सिरोंज भोपाल रोड पर महामाई गेट के सामने पीड़ति परिवारों में जीतू पटवारी से अपनी व्यथा बताते हुए इस मुद्दे को प्रदेश स्तर पर उठाने की मांग की। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पीड़तिों को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया और इस मुद्दे पर कलेक्टर और प्रदेश स्तर पर बात करके पीड़ति पक्ष को न्याय दिलाने की बात कही।

# दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई करने सौंपा ज्ञापन

## डिप्टी कलेक्टर को 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन दिया




विदिशा। 13 सूत्रीय मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मध्यप्रदेश कार्यभारित कर्मचारी एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिक महासंघ ने जिले के डिप्टी कलेक्टर बिटोलिया को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। विभिन्न विभागों, नगरीय निकायों, निगम-मंडलों, विश्वविद्यालयों, शासकीय महाविद्यालयों एवं कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यरत शेष बचे दैनिक वेतन भोगी, मस्टर कर्मी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को स्थाई कर्मी घोषित किए जाने की मांग की है। महासंघ ने यह भी मांग की कि सभी कर्मचारियों को समयमान वेतनमान का भुगतान किया जाए और जो श्रमिक न्यायालय नहीं गए हैं, उन्हें भी न्यायालयीन निर्णयों के समान लाभ प्रदान किया जाए।

### मस्टर व कच्चे कर्मचारियों के स्थाईकरण की मांग

भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी ने बताया कि ज्ञापन में कुल 13 सूत्रीय मांगे शामिल हैं। इसमें प्रमुख रूप से वन विभाग, वन विकास निगम तथा अन्य विभागों में कार्यरत मस्टर एवं कच्चे कर्मचारियों को स्थाई कर्मी घोषित करने की मांग की गई है। नियमित कर्मचारियों के समान सातवें वेतनमान, चिकित्सा भत्ता, गृह भाड़ा, अर्जित अवकाश, 25 लाख रुपये ग्रेच्युटी एवं अनुकंपा नियुक्ति बहाल करने की भी मांग रखी गई है। महासंघ ने नियुक्ति दिनांक से पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने की भी मांग की है। इसके अलावा लोक निर्माण और जल संसाधन विभाग के स्थाई कर्मचारियों को अर्जित अवकाश का लाभ एवं उनके वेतनमान में सुधार की भी मांग ज्ञापन में शामिल है।

# पशु मुक्त होंगी जिले की चार मुख्य सड़कें

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने नई पहल करते हुए पायलट प्रोजेक्ट के तहत जिले की चार मुख्य सड़कों से पालतू एवं आबारा पशुओं से मुक्त कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ, सहित अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुखता से कार्यवाही करें और पशुओं को मुख्य सड़कों से पकड़कर निजी एवं शासकीय गौशालाओं में भेजें एवं पशु मालिकों पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माने की कार्यवाही करें और जुर्माने के बाद यदि कोई पशु सड़क पर आता है तो संबंधित पशु मालिक पर कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित सड़कों पर सड़कों से लगी हुई ग्राम पंचायते, नगरीय निकाय के कोटवार, सचिव, सहायक सचिव, पटवारी, संबंधित अधिकारी आबारा पशु सड़क पर न आएं इसकी विशेष मॉनीटरिग करेंगें और कार्यवाही करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित सीईओ, सीएमओ कैटल कैचर वाहन क्रय कर एवं किराये पर लेकर शक्ति से कार्यवाही करें जिससे कि कोई भी पशु सड़कों पर विचरण न कर सके। विचरण करने से अनेक दुर्घटनाएं होती है एवं जनहानि होती है। कलेक्टर ने बताया कि सागर-भोपाल रोड जिसमें सागर से बागरौद चौराहा तक, राष्ट्रीय राजमार्ग 44 के अंतर्गत महारापुर से मालथौन तक की फोरलेन सड़क, सागर से छतरपुर रोड, सागर से जबलपुर रोड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उक्त सभी सड़कों पर टोल टैक्स कंपनी के प्रतिनिधियों से चर्चा करें एवं पशुओं को पकड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चत कराएं। उन्होंने कहा कि सभी पशुओं को पकड़कर गौशाला में सिफ्ट किया जाए। गौशालाओं में शासन की ओर से प्रत्येक पशु प्रत्येक दिन के हिसाब से 40 रुपए की राशि प्रदान की जाती है जिससे कि उचित रखरखाव हो सकेगा। इसके साथ ही संबंधित पशु मालिक पर प्रत्येक पशु के हिसाब से जुर्माना भी लगाएं।

## कर्मचारी संघ ने स्थाई कर्मियों को नियमित करने व समस्त सुविधाएं प्रदान करने हेतु ज्ञापन सौंपा

**सागर।** नगर निगम कर्मचारी संघ ने निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शासन आदेश के तहत नगर निगम में कार्यरत सभी स्थाई कर्मियों को नियमित कर शासन द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाए । ज्ञापन में कर्मचारी संघ ने लेख किया है कि समस्त स्थाई कर्मियों को 7 अक्टूबर 2016 के आदेश के परिपालन में विनियमितीकरण का लाभ दिया गया था तभी स्थाई कर्मियों को दिनांक 05/2016 एवं 29 सितंबर 2017 के आदेश में समस्त हितलाभ दिये जाने का लेख था।

## शीतला माता और गणेश मंदिर समिति के चुनाव हुए

**विदिशा।** शीतला माता एवं बड़े गणेश मंदिर परमार्थ न्यास समिति बांसकुली के चुनाव सर्वसमति से हुए। जिमसें अध्यक्ष वीरसिंह रघुवंशी जनपद अध्यक्ष को बनाया गया। वहीं उपाध्यक्ष कांग्रेस नेता आनंद प्रताप सिंह, सचिव मुकेश मंगल, कोषाध्यक्ष शिवनारायण माहेश्वरी को बनाया गया है। सहसचिव राजेन्द्र श्रीवास्तव, प्रचार मंत्री राजेश जोशी को बनाया गया। वहीं समिति सदस्यों में लक्ष्मीनारायण सिकरवारश, उदेय पाल चंदेल, सुरेश मोतीयानी, विनोद अग्रवालश, कैलाश विश्वकर्मा, कैलाश नागवंशी, विश्वनाथ सिंह राजपूत, कैलाश राजपूत, प्रशांत सरभैया, देवेन्द्र खुराना, सुरेश नेमा, हरिनारायण प्रजापति, अनिल मेहरा, मोहन सिंह रघुवंशी, भगवान दास धनवानी संजय शर्मा, नारायण दास गोयल, नीरज राठौर, अजय प्रताप सेंगर को शामिल किया गया है।



## जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं को सुना

**सागर।** नगर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार नवीन कार्यालय भवन में नगर निगम सीमा क्षेत्र के नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के लिये प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है। जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण करने हेतु आवेदन संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न वार्डो से आये दो आवेदकों के पेंशन प्रकरणों का मौके पर निराकरण किया गया।

## न्याय सत्याग्रह में सम्मिलित हुआ सेवादल परिवार

**सागर।** अशोकनगर में कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन न्याय सत्याग्रह में सागर से बड़ी संख्या में सेवादल परिवार जन अशोकनगर पहुंचे और न्याय सत्याग्रह को सफल बनाने अपनी सहभागिता दी। जिला सेवादल ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की अगवानी की और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के साथ सड़क पर बैठकर निरंकुश शासन के खिलाफ धरना दिया। जिला सेवादल से शहर अध्यक्ष सिंटू कटारे, ग्रामीण अध्यक्ष महेश जाटव, आनंद हेला, अवधेश तोमर, शैलेन्द्र तोमर, जितेन्द्र सोनी, आयुष सेन, बाबू पंजवानी आदि इसमें सम्मिलित हुए।

### जिले में अब तक 351.4 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सागर।** सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 351.4 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक राहतगढ़ केन्द्र पर सर्वाधिक 505.2 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 329.3 मि.मी., जैसीनगर में 262.2 मि.मी., राहतगढ़ में 505.2 मि.मी., बीना में 228.4 मिमी दर्ज की गई।

### पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

**विदिशा।** रजक मालवीय समाज के अध्यक्ष राजू मालवीय ने अपना जन्मदिन पौधरोपण एवं रक्तदान कर मनाया। इस दौरान सौरभ मालवीय, रवि मालवीय, उद्देश्य मालवीय, गणेशाराम मालवीय, यश मालवीय, रवि सोलंकी, संजय सोलंकी, रविंद्र सोलंकी, नीरज मालवीय मौजूद रहे।

# बिलों से परेशान ग्रामीण जनसुनवाई में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

पंचायत के ग्रामीणों की बिजली के बढ़ते बिलों ने गरीब मजदूर वर्ग की चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान दर्जनों महिलाओं और ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती आवेदन सौंपा।



ग्रामीणों ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद से हर माह 2 हजार से 3 हजार तक के भारी-भरकम बिल आ रहे हैं, जबकि खपत बहुत कम है। महिलाओं ने जनसुनवाई में बताया कि उनके घरों में केवल एक पंखा, एक बल्ब और टीवी कभी-कभी मोबाइल चार्जर चलता है, फिर भी हजारों रुपए के बिल भेजे जा रहे हैं। गरीब मजदूर वर्ग अब इस स्थिति में नहीं है कि वह अपने बच्चों का पेट भी भरे और इतने महंगे बिजली बिल भी चुका सके। ग्रामीणों ने मांग की कि स्मार्ट मीटरों की जांच हो और पुराने मीटर प्रणाली को पुनः लागू किया जाए।

जनसुनवाई में एसडीएम ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जांच का आश्वासन दिया और संबंधित विभाग को निर्देशित किया कि मामले की शीघ्रता से जांच कर समाधान किया जाए।

विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
BA-LLB (Hons) — 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB — 3 Years Course (After Graduation)
D.Pharma — 2 Years Course (After 12th Math, Bio)
प्रवेश प्रारंभ — अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
कॉर्पोरेट ऑफिस : जवाहर लाल नेहरू कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025
संचालक मज़हर अली जाफरी

BETWANCHAL GROUP OF INSTITUTIONS
Approved by : AICTE & PCI
Affiliated by : RGPV & Barkatullah University
ADMISSION OPEN
MBA (HR.Marketing, Finance) Duration-2 year Affilizindia: AICTE & Barkatullah University | BBA Duration-3 year affillzindia : barkatullah University | BA Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | BSC Ouration 3 year Affillated to: barkatullah University | B.COM Duration-3 year Amliated to: barkatullah University | ITI Fitter Copa Affillated to NCVT | B. Pharma Duration-4 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV | D. Pharma Duration-2 year (Approved By : PCI) Amlited to: RGPV
Add : NH-146, Village Madipur, Block Gulabganj, Distt. Vidisha City Add : NH-86, Vaishali Viharm Sagar Road, Vidisha
Mob.: 07592-447549, 9755550416

बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल से संबंद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
CIST COLLEGE • ALWAYS AHEAD •
CIST COLLEGE
E-pravesh code : P634
ADMISSION OPEN
B.B.A. PGDCA
CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.) | 07592-403481, 796042, 9893708149

## खबर संक्षेप

### ट्रांसफर होने पर जनपद सीईओ को दी विदाई



**सांची।** नायाब तहसीलदार नियति साहू को नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम अहिरवार और सभी पार्षदों ने विदाई दी। उनको उपहार भेंट कर उनके अच्छे कार्यकाल की सराहना की गई। वहीं सांची थाना के नवागत थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया।

### चुनावी नामावली बनाने बीएलओ को दी ट्रेनिंग



**रायसेन।** निर्वाचक नामावली के त्रुटिरहित बनाने के निर्देशों के अंतर्गत बीएलओ क्षमता विकास के लिए जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 7 से 17 जुलाई तक बीएलओ का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया है। जिसके अंतर्गत प्रशिक्षण के दूसरे दिन मंगलवार को जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 141-भोजपुर में 86 बीएलओ, 142-साँची में 114 बीएलओ तथा 143-सिलवानी में 67 बीएलओ को विधानसभावार पृथक-पृथक कक्षों में जिला एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें विविध प्रावधानों एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, फॉर्मो को भरना तथा केस स्टडीज, बीएलओ एप आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

### जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी लोगों की फरियाद

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट में मंगलवार



को जनसुनवाई में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा लोगों की समस्याए सुनकर उनका निराकरण किया। कलेक्टर ने कुछ प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर समस्याओं को निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की विभिन्न तहसीलों से आए नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए वीडियो कॉर्फ्रेस के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समाधान के लिए निर्देशित किया।

### जिले में अब तक 431.7 मिमी औसत बारिश दर्ज

**रायसेन।** जिले में 1 जून से अब तक 431.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 246.2 मिलीमीटर अधिक है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 283 मिलीमीटर, गैरतगंज में 419, बेगमगंज में 620.3, सिलवानी में 467.8, बरेली में 438.6 उदयपुरा में 609, बाड़ी में 354, सुल्तानपुर में 339.5 तथा देवरी में 526.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



## जिलेधर में मूसलाधार बारिश का कहर, मां नर्मदा उफान पर, नदी-नाले भी लबालब

# आफत बनी बारिश : बेगमगंज में धराशायी हुआ दो मंजिला मकान, पानी में बहा बच्चा

- मूसलाधार बारिश से शहर की निचली जगहों पर भरा पानी
- लगातार बारिश से नदी नाले का बढ़ा जलस्तर
- खेतों में बने गड़ों में धान की पौध रोपाई का कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सावन का महीना शुरू होते ही बारिश अब आफत बनकर कहर बरपा रही है। जिले की तहसील बेगमगंज सहित रायसेन शहर में भारी बारिश का कहर जारी है। हफ्तेभर में बेगमगंज एवं अंचलों में कही रिमझिम तो कहीं तेज बारिश हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। वहीं बीती रात बेगमगंज में दो मंजिला पक्के मकान की छत धराशायी हो गई, लेकिन संयोग से कोई जनहानि नहीं हुई। वहीं देवरी के पास मां नर्मदा के उफान पर आने से पानी रहवासी इलाकों में भरा गया, जिससे एक कार तेज बहाव में बहने से बची।

बीती रात बेगमगंज में हुई मूसलाधार बारिश से पक्के मकान की दो छते धराशायी हो गई। जिससे घर गृहस्थी का सामान खराब हो गया और मकान की छते गिरने से मलवे की नीचे दबने से एक पाड़े की मौत हो गई। परिजनों को नगर पालिका कर्मचारियों ने सुरक्षित स्थान पर ठहराया।

सोमवार को हुई मूसलाधार बारिश से मंडी मोहल्ले में बाबू कुरेशी पिता गफूर कुरेशी का दो मंजिला पक्के मकान की दो छत धराशाई हो गया। सूचना मिलते ही एसडीएम, सीएमओ एवं कस्बा पटवारी घटना स्थल पर निरीक्षण करने पहुंचें। मकान का एक पिलर का जमीन में धसने के कारण



उसकी दो छाते आधी आधी टूट कर नीचे गिर गई। दो हिस्सों की छत गिरने से घर गृहस्थी का सामान चकनाचूर हो गया।

हादसा बीती रात करीब 7-8 बजे के बीच हुआ, तब परिवार के आधे लोग दूसरी तरफ थे और उनके बच्चे चौकियों के पास जाकर खड़े होकर मोहर्रम का जुलूस देख रहे थे। मकान के अंदर कोई नहीं था, इसलिए बच गए। जबकि मकान की छत का मलबा पड़ोसी अमजद कुरेशी के मकान की दीवारों पर गिरने से उसकी दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे उन्हें भी आर्थिक नुकसान हुआ है।

वहीं एसडीएम सौरभ मिश्रा के निर्देश पर कस्बा पटवारी मनोज अठया ने मौका मुआयना कर जांच प्रतिवेदन एसडीएम कार्यालय में भेज दिया है। पीड़ित बाबू कुरेशी ने बताया कि उन्हें लाखों का आर्थिक नुकसान हुआ है।

### पानी के तेज बहाव बहा स्कूली बच्चा, लोगों ने बचाई जान

*बेगमगंज। क्षेत्र में मूसलाधार वर्षा बनी मुसीबत, पक्का फाटक पर गणेश मंदिर के पास स्कूल से लौटते समय एक 5 वर्षीय छात्र पानी के तेज बहाव में पांव उखड़ने से बहने लगा। बताया गया कि छात्र अपनी 9 वर्षीय बहन के साथ स्कूल से घर लौट रहा था लेकिन पानी के तेज बहाव में वह संतुलन नहीं बना पाया और बहने लगा। गणेश मंदिर के पास खड़े लोगों ने यह दृश्य देखा और तत्परता दिखाते हुए दौड़कर बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।*

### पीलपहाड़ी-बेरखेड़ी वाला तालाब फूटने से फसल बर्बाद

तहसील में बीती रात हुई तेज वर्षा से पीलपहाड़ी-बेरखेड़ी गांव के बीच स्थित बने तालाब की एक तरफ की पार तेज बारिश के दबाव में फूट गई। जिससे आसपास के किसानों के कई खेतों में पानी भर गया। पीड़ित किसानों ने इस घटना से खेतों में बोई गई मक्का एवं सोयाबीन की फसल पूरी तरह बर्बाद होना बताया है। किसान इससे बेहद आहत और चिंतित हैं। ग्रामीणों और किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षति का सर्वे कराया जाए और प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान किया जाए।

### भारी बारिश : शहर की दो कॉलोनियों में भराया पानी

रायसेन। शहर के सागर रोड वार्ड 13 स्थित राधा कृष्णापुरम और रॉयल सिटी कॉलोनी में बारिश ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण दोनों कॉलोनियों में पानी भर गया है। राधा कृष्णापुरम कॉलोनी में सड़क न होने के कारण बारिश का पानी जमा हो गया है। स्थानीय निवासियों की शिकायत पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि जमुना सेन मौके पर पहुंचे। उन्होंने कॉलोनीवासियों की समस्या सुनी और जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

रॉयल सिटी कॉलोनी में भी स्थिति गंभीर है। कई गलियों में सड़क नहीं होने से बारिश का पानी लोगों के घरों के सामने जमा हो गया है। कॉलोनी निवासी राजेश जोशी के घर में पानी घुस गया। परिवार के सदस्यों को बाल्टी और अन्य बर्तनों से पानी बाहर ऊलीचना पड़ा।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि कॉलोनी में पानी निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है। इस कारण बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। प्रशासन से समाधान की मांग की जा रही है।

## भारी बारिश से मां नर्मदा सहित नदी-नालों का बढ़ा जलस्तर

### बारिश ने रोकी कार्यों और पैरों की रफ्तार, कुछ घंटों थमी बारिश तो मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली।

लगभग एक सप्ताह से प्रतिदिन जोरदार बारिश हो रही है। सावन का महिना शुरू होने से पूर्व आषाढ माह में लगी बारिश की झडी ने पिछले रिकार्ड तोड दिए है। लगातार बारिश के कारण नर्मदा मैया सहित क्षेत्र की 4 प्रमुख नदियों एवं दर्जनों ग्रामीण नालों का तेजी से जल स्तर बढ रहा है। लगातार बारिश ने लोगो के कार्यो और कदमों की रफ्तार को कम कर दिया है। बारिश के कारण ग्रामीण गांव घरों में बने रहने के लिए मजबूर हो रह है। स्कूलों में बारिश के कारण बहुत कम उपस्थिति और बाजारों में ग्राहकी रौनक गायब हो रही है।

पिछले 72 घंटो में मंगलवार को दोपहर बाद हो रही लगातार बारिश का दौर थम गया। कुछ समय धूप निकलने से उजाला भी दिखलाई दिया, परंतु इससे पूर्व सोमवार को



### नदियों का तेजी से बढ़ रहा जलस्तर

*लगभग एक सप्ताह से संपूर्ण क्षेत्र में रूक-रूक कर जोरदार बारिश होने से नदी नालों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। बरगी डेम के 13 गेट खोले जाने से नर्मदा मैया का जल स्तर बढने, बाढ़ की स्थिति और निचले इलाकों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने लगी है।*

दिन-रात और मंगलवार की सुबह से दोपहर तक जोरदार बारिश ने लोगो को अपने घरो में ही रहने मजबूर कर दिया। जून के अंतिम सप्ताह जुलाई के प्रथम सप्ताह में जिस प्रकार प्रतिदिन जोरदार बारिश हुई। उससे संपूर्ण क्षेत्र में पानी ही पानी कर दिया। लगातार बारिश के कारण लोगो का घरो से बाहर निकलना कठिन हो गया। बाजार सडक़े अधिकांश समय सुनसान ही बनी रहने लगी।

#### रूकी बारिश, मिली राहत

मंगलवार को रात एवं सुबह से दोपहर तक घनघोर बारिश होती रही। जिससे सडक़ो और निचले हिस्सों में पानी आ जाने की स्थिति रही। दोपहर बाद बारिश थमी तो लोग राहत महसूस करने लगे। लगातार बारिश भारी नमी, कीचड से निवासी ऊब चुके है। ईश्वर से बारिश थमने की प्रार्थना करते नजर आ रहे है।

## समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी में बारिश बनी केन्द्रों की बाधा

### किसान मंडी में बेच रहे मूंग, उठा रहे नुकसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

सरकारी घोषणा के अनुसार 6 जुलाई तक समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने पंजीयन और 7 जुलाई से मूंग की खरीद तौल प्रारंभ होना थी। पिछले 4-5 दिनों से हो रही लगातार बारिश और खरीदी शुरू होने से पूर्व केन्द्र बनाने की धीमी प्रक्रिया और कम संख्या किसानों के लिए परेशानियों का कारण बन रही है।

इसी कारण किसान समर्थन मूल्य पर मूंग बेचने तौलने और लंबे समय बाद राशि मिलने का इंतजार करने के स्थान पर हजार पन्द्रह सौ रू. क्विंटल का आर्थिक नुकसान उठा कर मूंग बेचने ला रहे है।

नर्मदा क्षेत्र में ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती का निरंतर रकबा बढ़ता रहा। इस वर्ष हजारों किसानों ने ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती की परंतु समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी की घोषणा में हुआ बिलंब किसानों के लिए भारी परेशानी बन रहा है। किसानों ने जिस उत्साह के साथ भारी लागत लगाकर मूंग की खेती की और 15 जून से पूर्व बारिश शुरू हो गई किसानों ने आनन-फानन में मजदूरों के स्थान पर हारवेस्टरों का उपयोग कर मूंग की कटाई को प्राथमिकता दी। उसमें अधिक मात्रा में मूंग के दाने खेतों में ही रह जाने का आर्थिक नुकसान भी उठाया।

लगभग एक माह से क्षेत्र के हजारों किसान मूंग को बारिश के बीच संभाल कर रखे हुए और समर्थन मूल्य पर तौल खरीदी शुरू होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

#### मंडी में आ रही मूंग

*खरीफ फसलों की तैयारी लागत और अन्य खर्चो को पूरा करने के लिए किसान मंडी में मूंग बेचने ला रहे हैं। मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 682 रुपए प्रति क्विंटल है। किसान अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए हजार पन्द्रह सौ रुपए प्रति क्विंटल कम भाव मिलने पर भी मूंग बेच रहे हैं। अभी तक किसान डेढ-दो हजार क्विंटल मूंग मंडी में व्यापारियों को बेच चुके है।*

## कॉलेज की जमीन आवंटन को लेकर अभविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बाड़ी ने तहसील पहुंचकर कलेक्टर के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार बाड़ी को सौंपा। ज्ञापन में लिखा कि सन् 2018 में बाड़ी में एक शासकीय महाविद्यालय की स्थापना की गई। उसके बाद से महाविद्यालय के लिए जमीन आवंटन के लिए प्रयास प्रारंभ कर दिए गए, किंतु आज तक महाविद्यालय के नाम पर किसी प्रकार की कोई भूमि का आवंटन नहीं हुआ है। इस कारण महाविद्यालय का नवीन भवन निर्माण असंभव सा लग रहा है और



हर साल कालेज में एडमिशन की संख्या कम होती जा रही है।

विद्यार्थी परिषद ने आग्रह करते हैं कि शासकीय महाविद्यालय बाड़ी के द्वारा भूमि आवंटन हेतु जो फाइल लगाई गई है उसे शीघ्र करने की मांग की है एवं महाविद्यालय की भूमि आवंटन करने की मांग की है। अन्यथा अभावि आंदोलन करेगी।

## पुलिस ने दी समझाइश, पुल पर पानी होने पर न करें पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

जिले में लगातार हो रही बारिश के चलते नदी-नालों का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए थाना सलामतपुर पुलिस ने सतर्कता बरतते हुए घोड़ापछाड़ नदी पुल पर चेतावनी के बैनर लगाए हैं और लोगों को पुल पर पानी होने पर नदी पार नहीं करने की हिदायत भी दी है।

जानकारी के अनुसार, बारिश के दौरान अक्सर लोग जान जोखिम में डालकर उफनती नदियों को पार करने की कोशिश करते हैं, जिससे



कई बार बड़े हादसे हो जाते हैं। इन्हीं संभावित हादसों को रोकने के उद्देश्य से थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में एएसआई सुनील शर्मा व पुलिस स्टाफ द्वारा मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाइश दी गई कि पानी अधिक होने की स्थिति में पुल पार न करें।

### प्रसूता की दर्द भरी दास्तां...

## नहीं मिली एम्बुलेंस, अस्पताल जाते समय रास्ते में हुई डिलेवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ी में संचालित 108 जननी एम्बुलेंस सुविधा प्रसूताओं के लिए मजाक बनकर रह गई है। कई दफे कंट्रोल रूप में फोन लगाने के बाद भी प्रसूताओं को समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलती। ऐसा ही एक मामला ग्राम पनागर की महिला गर्भवती थी उसे बाड़ी स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए 108 , जननी वाहन सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई।

महिला ग्राम पनागर से बाड़ी स्वास्थ्य केंद्र मोटरसाइकिल से निकली काफी दूर रास्ते में गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा कार में बिठाकर बाड़ी स्वास्थ्य केंद्र लाने के लिए चला तो रास्ते में ही महिला को काफी प्रसव पीड़ा हुई और पीड़ित महिला ने रास्ते में ही डिलीवरी हो गई। इस तरह जननी सुरक्षा वाहन की पोल खुल गई।

यह कोई पहला मामला नहीं है, पूर्व में भी अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद प्रसूताओं और नवजात बच्चों को घर जाने वाहन नहीं




मिलें है तो निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ा।

पीड़ित महिला ग्राम पनागर का नाम बंदना पाल पति नितेश पाल को गांव के ही गोरेलाल ने अपनी गाड़ी में ला रहे थे रास्ते में ही प्रसूता को दर्द हुआ और बच्चे को जन्म दे दिया फिर बाड़ी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया यहां उसे सुविधा कक्षा में रखा गया ।

#### पत्र लिखा है...

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाड़ी में जननी एम्बुलेंस हमेशा खड़ी रहे, इसके लिए सीएमएचओ को पत्र लिखा है, ताकि प्रसूताओं को सुविधा मिल सके।
डॉ हेमंत यादव, बीएमओ बाड़ी-बरेली।

#### सिर्फ कागजों में संचालित हो रही जननी की सुविधा

*जननी सुविधा बाड़ी विकासखंड में पूरी तरह बंद है अधिकारियों के दावे की पोल आए दिन खुल रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हमेशा जननी एम्बुलेंस की सुविधा मिलना चाहिए, लेकिन अधिकांश वाहन कागजों में ही दौड़ रहे है। हर महीने इन वाहनों के लंबे चौड़े बिल निकाले जा रहे है। लोगों ने जननी - 108 के संचालन पर गंभीर सवाल खड़े किए है। जननी सुविधा की जो दोड़ने की क्षमता थी उसकी चाल में ब्रेक लग चुका है। 10000 किलोमीटर दौड़ने वाली अब दोड़ रही है या नहीं यह बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार जिले की तहसील बाड़ी में जननी सुविधा कागजों में संचालित हो रही है हर दिन हजारों का तेल का खेल हो रहा है। गांव में महिलाएं सुविधा के नाम पर उन्हें आश्वासन और व्यवस्था का तमगा पकड़ाया जा रहा है। सुविधा कहीं से कहीं तक दिखाई नहीं दे रही। हकीकत कुछ और है और विभाग कुछ बता रहा है जननी सुविधा बाड़ी में पूरी तरीके से बंद पड़ी है।*

## अमरनाथ पहुंच कर श्रद्धालु कर रहे बर्फानी बाबा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

अमरनाथ यात्रा को लेकर इस बार शिव भक्तों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। करीब 70 हजार श्रद्धालुओं द्वारा बाबा बर्फानी की गुफा के दर्शन किया जाना बताया जा रहा है। नगर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जत्था अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना हुआ श्रद्धा पूर्वक अनुष्ठान पूर्ण कर रहे है।

सिलवानी नगर से भी कई भक्तों ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए और क्षेत्र की सुख शांति की कामना की। जय बाबा बर्फानी समिति के सदस्य लगातार 10 सालों से यह यात्रा कर रहे हैं और इस बार भी श्रद्धा के साथ पहुंचे। नगर के शुभम सोनी, मोती शाक्या और सोनू प्रजापति ने अमरनाथ पहुंच कर बाबा बर्फानी के दर्शन किए। 10 सालों से लगातार अमरनाथ की यात्रा कर रहे शुभम सोनी ने बताया कि वह खुद को सौभाग्यशाली मानते हैं कि इस बार भी अमरनाथ बाबा के दर्शन बड़े ही शांति और श्रद्धा के साथ हुए। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई है और 9 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा भगवान शिव के उस पवित्र गुफा स्थल तक जाती है जहां उन्होंने माता पार्वती को अमरता का रहस्य बताया था। भक्तों के लिए यह यात्रा सिर्फ एक सफर नहीं, आस्था का अनुभव है।

**कार्यालय प्राचार्य, स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय, रायसेन (म.प्र.)**
Accredited by NAAC with "B" Grade
bZ&esy hegsvcrai@mp.gov.in

क्रमांक / 1503/स्था./2025-26 //निविदा// रायसेन, दिनांक 08.07.2025

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शास. महाविद्यालय रायसेन में पहली बार सत्र 2025 के लिये कैंटीन प्रारंभ किया जा रहा है। कैंटीन के लिये तकनीकी एवं वित्तीय निविदा के माध्यम से महिला स्व-सहायता समूह निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का प्रपत्र महाविद्यालय में उपलब्ध है। प्रपत्र कार्यालय समय में आकर प्राप्त कर सकते है। उक्त प्रपत्र बंद लिफाफे में दिनांक 31.07.2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें।

अध्यक्ष
मनोज कुमार कुशवाह
जन भागीदारी
समिति महाविद्यालय रायसेन

प्राचार्य
प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस
स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय,
रायसेन (म.प्र.)